राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, मंगलवार 16 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 98 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### मुनिडीह प्रोजेक्ट के गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल

**पुटकी।** आउटसोर्सिंग कंपनी इंदु में पुनर्नियोजित करने की मांग को लेकर असंगठित मजदूर सोमवार को हड़ताल कर डब्ल्यू जे एरिया के मुनिडीह प्रोजेक्ट के गेट पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठ गए.आंदोलन में 15 व 16 नम्बर सीम में कार्यरत 400 मजदूर शामिल थे.जिन्होंने इंदु कंपनी एवं बीसीसीएल प्रबंधन खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इंदु कम्पनी ने 24 जनवरी को नोटिस जारी कर लगभग 400 मजदूरों अचानक काम से हटा दिया. इससे सभी मजदूर बेरोजगार हो गए.मजदूरों ने संयुक्त रूप से आंदोलन किया तो सीएमडी को पहल करनी पड़ी.

### बीसीकेयू ने पीओ कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**झरिया।** भौरा साउथ कोलियरी के फोर पैच कोल डिपो का कोयला रेलवे साइडिंग सुदामडीह न पहुंच कर बलियापुर में पकड़े जाने को लेकर बीसीकेयू के समर्थकों ने सोमवार को पीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रबंधन व ट्रांसपोर्टर के खिलाफ नारेबाजी की गयी.यू नियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि प्रबंधन, ट्रांसपोर्टर व सीआईएसएफ की मिलीभगत से अरसे से कोयला तस्करी हो रही थी. बलियापुर पुलिस ने जब दो कोयला लोड हाइवा को पकड़ा. तब इसका खुलासा हुआ.

### जोरापोखर थाने में शिकायत

**झरिया ।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंगल पुल के निकट रहने वाले पांच परिवार के लोगों को दबंगों द्वारा बिजली संयोग नहीं जोड़ने देने को लेकर आक्रोश व्याप्त है. थाना में शिकायत की गई है कि पड़ोस की रहने वाली क़ैसर बानो की पुत्री सना शनिवार को दुकान स्थित बिजली की विद्युत स्पर्शघात के कारण मौत हो गई थी. तब से ही बिजली विभाग द्वारा बिजली काटी गई है. सोमवार को बिजली विभाग द्वारा मुहल्ले की बिजली संयोग को जोड़ने पहुंचे कर्मियों को बानो के समर्थकों द्वारा खदेड़ दिया गया है. अब मुहल्ले के लोगो के बीच में अंधकार में रहने को मजबूर हैं. पुलिस ने कहा है कि बिजली विभाग बिजली बहाल करने के लिए पहल करे पुलिस सहयोग करेगी.

### लर्न एंड प्ले स्कूल परिसर में पौधरोपण

**झरिया।** ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे मिशन दस हजार पौधारोपण के तहत सोमवार को फुलरीबाग स्थित लर्न एंड प्ले स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया. इस दौरान आंवला, अमरूद, गुलमोहर, शीशम, नारियल, बेल समेत अन्य पौधे लगाए गए. पौधरोपण के बाद पौधे के नाम लिखा बोर्ड भी लगाया गया. बच्चों को पौधों के लाभ के बारे में भी बताया गया. मौके पर उपस्थित समाजसेवी अविनाश शर्मा ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संस्कार देने की आवश्यकता है, जिससे आने वाली पीढ़ी पेड़-पौधों की रक्षा कर सके. इस विद्यालय में खेल के जरिए बेहतर जीवन शैली अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाता है.

## पिकअप वैन के धक्के से बाइक सवार सब इंस्पेक्टर की मौत

- अप्रैल में हुई थी शादी, मूल रूप से झरिया का रहनेवाला है परिवार



**संवाददाता। जामताड़ा**

जामताड़ा-मिहिजाम मुख्य सड़क पर निर्मल महतो चौक के समीप सोमवार की दोपहर करीब 12:00 बजे तेज रफ्तार पिकअप वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान जैनेन्द्र कुमार रजक के रूप में हुई. वह पुलिस के स्पेशल ब्रांच जामताड़ा में बतौर सब इंस्पेक्टर पदस्थापित थे. बताया गया कि वह बाइक पर सवार होकर मिहिजाम से जामताड़ा की ओर आ रहे थे. तभी विपरीत दिशा से जा रही तेज रफ्तार पिकअप वेन (संख्या डब्लूबी 37 ई 5966) ने टक्कर मार दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. मिली जानकारी के अनुसार, जैनेन्द्र कुमार रजक साल 2018 में झारखंड पुलिस में दारोगा के पद पर नियुक्त हुए थे. इस वर्ष अप्रैल में उनकी शादी हुई थी. पत्नी छत्तीसगढ़ में जॉब करती है. वह मिहिजाम थाना क्षेत्र के डोमदाहा में मकान बनाकर रह रहे थे. उनके पिता राजेंद्र कुमार रजक सीएलडब्लू कर्मी हैं. इनका परिवार मूल रूप से धनबाद के झरिया का रहनेवाला है.

### निरसा थाना क्षेत्र के जोराडीह में हुई वारदात, मछली पकड़ते समय घटना को दिया अंजाम

## प्रेम विवाह से नाराज साले ने बहनोई को मारी गोली

**खास बातें**

- पेट में लगी है गोली, बाहर नहीं निकल पाई
- मोतीलाल की हालत गंभीर बता रहे चिकित्सक

**संवाददाता। निरसा**



निरसा थाना जोराडीह गांव में सोमवार शाम 5 बजे प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की गोली मार दी गई. इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक मोतीलाल बाउरी (19 वर्ष) अपनी परिवार के साथ रहता था. छह महीने पूर्व मोतीलाल बाउरी ने गांव के ही हेमल बाउरी की बहन से प्रेम विवाह किया था. इस विवाह से हेमल बाउरी आक्रोश में था. वह अपने बहनोई से बदला लेने के लिए मौके का इंतजार कर रहा था. सोमवार को मोतीलाल बाउरी गांव के तालाब में मछली पकड़ रहा था, इस बीच हेमल बाउरी ने मौके का फायदा उठाकर मोतीलाल बाउरी को गोली मार दी. गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे तब तक हेमल बाउरी मौके भाग चुका था. परिजनों और गांव वालों ने घायल मोतीलाल बाउरी को लेकर धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती करा दिया है. इधर इलाज के क्रम में पता चला कि गोली उसके पेट में लगी है और वह फंस गई है. फिलहाल चिकित्सक उसे गंभीर मानकर इलाज कर रहे हैं. इधर मोतीलाल की पत्नी गीता का रो-रो कर बुरा हाल है. वो गर्भवती बताई जा रही है. गीता ने बताया कि उसके भाई हेमल ने ही गोली मारी है, क्योंकि वह हमारी शादी से काफी नाराज था. उसने पहले भी धमकी दी थी कि दोनों को जान से मार देंगे. आज उसने मौका पाकर अपनी हसरत पूरी कर ली, पति को गोली मार दी. उसने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है.

# मुकेश हत्याकांड में पत्नी व प्रेमी को उम्रकैद

### कीर्तन में गया था पति, पत्नी ने प्रेमी से करवा दी थी हत्या

**खास बातें**

- पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल से खोल दिया था हत्या का राज
- कोर्ट ने उम्रकैद के साथ दोनों को लगाया जुर्माना भी



सोम नगर दामोदरपुर निवासी मुकेश कुमार पंडित की हत्या कर उसके शव को छिपाने के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने फैसला सुनाया. अदालत ने मामले के नामजद आरोपी दामोदरपुर निवासी जेल में बंद उज्जवल शर्मा को उम्रकैद व पंद्रह हजार रुपए जुर्माना एवं मृतक की पत्नी नीलम देवी को उम्रकैद व दस हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है. अदालत ने 12 जुलाई को दोनों को दोषी करार दिया था. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख निर्धारित की थी. अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया. प्राथमिकी मुकेश के पिता इतवारी पंडित की शिकायत पर धनबाद थाने में 26 मार्च 2022 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 25 मार्च 2022 की रात मृतक मुकेश अपने घर में यह कह कर गया था कि वह रात में हरि कीर्तन सुनने करमाटांड़ जाएगा, आने में उसे देर होगी. मुकेश हटिया में पान दुकान चलाता था. परंतु रात को जब वह वापस नहीं आया तो घर वाले खोजने लगे दूसरे दिन सुबह उसका मोटरसाइकिल दामोदरपुर स्थित डहार कुल्ही स्थित फूटबॉल मैदान मैं गिरी मिली. उससे थोड़ी दूर स्थित बांसवाड़ी में उसका शव भी मिला. मुकेश की हत्या गोली मारकर की गई थी. उसके शरीर पर दो गोली के निशान थे. अनुसंधान के दौरान पुलिस ने उज्जवल को पकड़ा, जिसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व मोबाइल फोन बरामद किया गया. मोबाइल फोन के कॉल डिटेल से पता चला कि हत्या के पहले हत्या के समय और हत्या के बाद भी उज्जवल का संपर्क मृतक की पत्नी नीलम देवी के साथ था. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 28 जून 2022 को दोनों के विरुध आरोप पत्र दायर किया था. 5 अगस्त 2022 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. इस दौरान अभियोजन की ओर से 16 गवाहों का परीक्षण कराया गया था.

### बीसीसीएल कर्मी ने की आत्महत्या

पुटकी. पीबी एरिया के खैरा स्थित केंदुआडीह के बंद पड़े वर्कशाप में सुरक्षा गार्ड के तौर कार्यरत रामप्रसाद चौहान ने सोमवार की रात पंखे से झूलकर आतम्हत्या कर ली. वारदात के बाद उसके परिजन और अन्य कर्मियों ने तत्काल नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. राजप्रसाद के घर वालों ने बताया कि शाम में चार बजे से उनकी ड्यूटी थी. घर में किसी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ था. इधर वे अपनी ड्यूटी पर आए, चूंकि वर्कशाप बंद है, इस कारण उन्हें सुरक्षा की जिम्मेवारी दी गई थी. शाम तक वे दोस्तों के साथ सामान्य थे, इसके बाद रात करीब साढ़े सात बजे उन्होंने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली. आत्महत्या के लिए बिलकुल नई रस्सी का प्रयोग किया गया था. इस कारण लोग ये मान रहे हैं कि हत्या करने का मन वे पहले ही बना चुके थे. उनकी एक बेटी और दो बेटे हैं, बेटी की शादी हो चुकी है. कुछ लोग ये भी कह रहे हैं उनकी नौकरी काफी कम दिनों की बची थी.

### सरयू राय को जदयू प्रदेश महासचिव ने कहा ब्लेकमेलर

**कतरास।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय अपने बड़बोलेपन के कारण हमेशा सुर्खियों में रहते है. ताजा हमला उन्होंने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू पर किया है. उन्होंने बयान दिया है कि झारखंड में भाजपा का जदयू से गठबंधन नहीं हो पाया है. उनके बयान पर जदयू के प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह और धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है. सोमवार को कतरास के श्यामडीह में प्रेस कांफ्रेंस कर दोनों नेताओं ने सरयू राय के बयान की निंदा की. दीपनारायण सिंह ने कहा कि केंद्र में एनडीए की सरकार है, जिसमें जदयू की अहम भूमिका है. जदयू के दो सांसद केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल हैं. जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार के साथ-साथ पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व का स्पष्ट निर्देश है कि जदयू एनडीए के साये में रहकर झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ेगी. बावजूद इसके सरयू राय उलजलूल बयान देकर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सरयू राय पूरी तरह कंफ्यूज हैं. वे भाजपा-जदयू की चिंता नहीं कर अपनी पार्टी की चिंता करें. उनके बयान से जाहिर है कि वे इंडिया गठबंधन की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं. हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने इंडिया गठबंधन के पक्ष में काम किया, जो सर्वविदित है.

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक परिवार के दो बच्चों की मौत

**संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के गादिकला गांव में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई. दोनों बच्चे रविवार शाम से घर से गायब थे. खोजबीन के क्रम में रात में दोनों के शव गड्ढे में मिले. मृतकों में गांव के संजय यादव का पुत्र आयुष कुमार यादव उर्फ सूर्या (5 वर्ष) और लिलो यादव का पुत्र संगम यादव (5 वर्ष) शामिल हैं. एक साथ दो बच्चों की मौत हो जाने से परिवार में मातम का माहौल है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. परिजनों के अनुसार, घर के लोग मड़ुआ फसल की रोपाई में लगे हुए थे. इसी बीच दोनों बच्चे गायब हो गए. काफी खोजने पर दोनों के शव गड्ढे से बारामद किए गए. संजय यादव ने जिला प्रशासन से घटना की जांच की मांग की है. कहा कि गड्ढा किस उद्देश्य से बनाया गया है, इसकी भी जांच होनी चाहिए.

## रोड काटना निवर्तमान पार्षद के भाई को पड़ा मंहगा

### निगम ने लगाया पांच हजार का जुर्माना

- पाइप ले जाने के लिए प्रमोद ने काटी थी सड़क

**संवाददाता। धनबाद**

सरकारी संपत्ति को अपनी संपत्ति समझ कर उसे क्षतिग्रस्त करने वालों के लिए नगर निगम ने सबक दे दिया है. सोमवार को भिश्तीपाड़ा में निवर्तमान पार्षद के भाई प्रमोद कुमार साव पर निगम ने पांच हजार का जुर्माना लगाया. पाइप ले जाने के लिए प्रमोद ने बिना किसी अनुमति के सड़क को काट दिया. जिसकी जानकारी होने पर सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू स्थल पर पहुंच गई. सड़क काटने के एवज में मुर्मू ने प्रमोद साव पर जुर्माना लगा दिया. मालूम हो कि आये दिन लोग सड़क को अपने हिसाब से क्षति पहुंचा देते हैं. जिससे क्षतिग्रस्त सड़क में पानी का जमाव हो जाता है. जिसके कारण सड़क जल्द ही जर्जर हो जाती है. नगर निगम की कार्रवाई सड़क को क्षतिग्रस्त करने वालों के लिए सबक साबित होगा. मौके पर निगम के फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं अन्य कर्मी मौजूद थे.

## ऑनलाइन एप से लोन लेने वाला ब्लैकमेलिंग का शिकार

**संवाददाता। धनबाद**



गोविंदपुर के एक युवक ने जुलाई माह में ऑनलाइन ऐप के जरिए 6000 रुपये का पर्सनल लोन लिया था. 12 जुलाई को उसने लोन की पूरी राशि वापस भी कर दी. इसके बाद उसके मोबाइल पर धमकी भरे कॉल आने लगे. फिर उसके मोबाइल से उसकी तस्वीरों को निकालकर उसके साथ छेड़छाड़ की गई और फिर उन तस्वीरों को उनके नजदीकी लोगों को भेज दिया गया. लोन ऐप लेने वाली कंपनी के लोग उससे और रकम की मांग कर रहे थे, नहीं देने पर ऐसा किया गया. मामले की शिकायत युवक ने साइबर थाने में की है.

**ऐसा करने से बचें :** लोन एप से कर्ज देने वाले ऐप मोबाइल में इंस्टॉल करते समय कॉल लॉग, संपर्क, संपर्क सूची, फोटोग्राफ जैसे डेटा तक पहुंचने संबंधी अनुमतियां ले लेते हैं. इसके बाद वे आपके संपर्क सूची और तस्वीरों को ऐप द्वारा प्राप्त कर लेते हैं. इसके बाद हेरफेर करना शुरू कर दिया जाता है. आपकी तस्वीरों के साथ झूठी, गंदी और अनुचित तस्वीरें बनाकर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाता है. संपर्क सूची में मौजूद लोगों को भी उक्त तस्वीरें भेजकर आपको डराया जाता है.

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पहुंचे धनबाद

**धनबाद।** एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम के तहत सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर झरिया प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अली, सिंदरी कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजय कुमार और केंदुआ कांग्रेस नगर अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान के आवास में गए. उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों का हाल-चाल पूछकर सांगठनिक चर्चा की. इस दौरान धनबाद नगर निगम में कार्यरत सुपरवाइजर के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा.मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामगोपाल भुवानिया, बीस सूत्री सदस्य लक्ष्मण तिवारी, विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार आदि उपस्थित थे.

## मुहर्रम को लेकर 7 जोन में बंटा धनबाद

### सभी जोन में जोनल अधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकरियों की रहेगी तैनाती

**सेंट्रल अस्पताल व एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध रहेंगे आकस्मिक वार्ड**

**संवाददाता। धनबाद**



मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है. मुहर्रम के अवसर पर जिले को धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, झरिया, गोविंदपुर, टुंडी एवं तोपचांची जोन में बांटा गया है. सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे.मुहर्रम को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष 16 जुलाई को दोपहर दो बजे से 18 जुलाई की सुबह छह बजे तक कार्यरत रहेगा. अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में रहेंगे.जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 2311217, 2311807 व 100 है. किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना के फलस्वरुप त्वरित इलाज के लिए बीसीसीएल सेंट्रल हॉस्पिटल तथा एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक को आकस्मिक वार्ड में समुचित व्यवस्था के साथ चिकित्सकों की टीम पालीवार प्रतिनियुक्त करने का आदेश है. साथ ही सिविल सर्जन को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में चौबीसों घंटे पालीवार चिकित्सक, एएनएम,जीएनएम व कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति एवं एंबुलेंस रखने का आदेश है. संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है. इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है.

**गुड न्यूज** | धनबाद में सेब की खेती को लेकर उम्मीदें मजबूत, किसानों को मिलेगी नई पहचान

# गर्म मौसम की चुनौतियों को झेलकर उग आए सेब

- पर्यावरण प्रेमी उचित महतो के लगाए सेब के पौधे में आए फल

**रनजीत कुमार सिंह । धनबाद**



आमतौर पर सेब की खेती ठंडे प्रदेश में होती है. शिमला-कुल्लू और जम्मू-कश्मीर के बागिचों से न सिर्फ देश भर में बल्कि विदेशों तक सेब भेजे जाते हैं. लेकिन यदि धनबाद जैसे गर्म इलाके और कोयले की काली जमीन पर सेब की खेती होने की बात कही जाए तो चौंकना लाजिमी है. मौसम की चुनौतियों को झेलकर पौधा फलदार हो गए तो फिर क्या कहने. ऐसा कर दिखाया है पर्यावरण प्रेमी उचित महतो ने. चार साल पहले लगाया था पौधा : सुदामडीह के रहने वाले उचित महतो अपने फॉर्म हाउस धनबाद के गोविन्दपुर स्थित करमाटांड़ में पिछले कई वर्षों से फलदार पौधे की खेती कर रहे हैं. इनमें सेब का पौधा भी शामिल है. महतो ने चार वर्ष पूर्व अपने फॉर्म हाउस में यह सोच कर सेव का पौधा लगाया था कि कश्मीर की माटी में अगर सेब की खेती हो सकती है तो झारखंड के कोयलांचल की माटी में क्यों नहीं. महतो की कोशिश और तकनीकी समग्रता ने यह बात साबित कर दी है. महतो की मेहनत रंग लाई उनके फार्म हाउस में लगे सेब के पेड़ में 10-12 फल भी लग गए हैं. हालांकि इन्होंने एक दर्जन से अधिक सेब के पौध लगाए हैं. सेब के अलावा मौसमी,चीकू ,लीची ,अनार आम,अमरूद व सुपारी के पौधे भी इन्होंने लगाए हैं.

### तोहफे में फलदार पौधा देने की बना ली आदत

उचित महतो पर्यावरण प्रेमी हैं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सालों से मेहनत कर रहे हैं .उनका दावा है कि वे अब तक तीन लाख पौधे धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में वितरण कर चुके हैं. पर्यावरण संरक्षण को लेकर उनकी दीवानगी का यह आलम है कि वह कहीं भी, किसी भी कार्यक्रम में जाते हैं तो गिफ्ट के तौर पर उन्हें फलदार पौधे ही देते हैं. ये सिलसिला कई सालों से जारी है.

### किसानों को नये रोजगार की उम्मीद : महतो

महतो ने बताया कि वह फलदार पौधों के शौकीन हैं .आम ,लीची ,अमरूद , अनार ,चीकू आदि के पौधे लगाए थे. इन पौधों में पूर्ण रूप से फल आने के बाद लगा कि अब सेब भी लगाई जाए. 4 साल पूर्व सेब का एक पौधा फार्म हाउस में लगाया. पिछले वर्ष 2 फल आये थे .और इस वर्ष 10-12 फल आ गये हैं .उन्होंने कहा कि सेव के पौधे में अप्रैल - मई में फूल आते हैं. उस समय काफी गर्मी रहती है. और यहां का टेम्परेचर अधिक होने का कारण फूल गिर जाता है. अगली बार से इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि पौधे में अधिक फल हो सके. उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ऐसी खेती के लिए किसानों पर विशेष ध्यान दे तो किसानों को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे. साथ ही झारखंड को नई पहचान भी मिलेगी.

## डिनोबली स्कूल के बाहर ओमनी वैन में लगी आग

- थोड़ी देर पहले ही बच्चों को था उतारा

**संवाददाता। तेतुलमारी**



ईस्ट बसुरिया थाना क्षेत्र में संचालित डिनोबली स्कूल के बाहर खड़ी एक स्कूली ओमनी वैन में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई. देखते ही देखते जोरदार आवाज के साथ आग की लपटें निकलने लगी. गनीमत रही कि वैन से कुछ देर पहले ही बच्चों को उतारा गया था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था.

आग की लपटें निकलते देखे स्थानीय लोगों ने ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस को सूचना दी. खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया. हालांकि आग बुझाने तक वैन पूरी तरह जल चुकी थी. लोगों को आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी.

आग की लपटें निलकते देख स्थानीय लोग डर गए और इधर-उधर भागने लगे. लोगों को इस बात का डर सता रहा था कि कहीं पेट्रोल टंकी ब्लास्ट न हो जाए. टंकी ब्लास्ट होने पर आग की लपटें उडेगी, जिससे आस-पास खड़ी गाड़ियां और घरों को नुकसान पहुंच सकता है.. आग पूरी तरह बुझने के बाद लोगों ने चैन की सांस ली.

## ब्रीफ खबरें

### सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी का स्वागत

**महुदा।** सोमवार को सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट कार्यालय ममता कुंज, कंचनपुर पहुंचने पर ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने अंग वस्त्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया. इस दौरान सांसद को रवानी ने क्षेत्र के समस्याओं के बारे में जानकारी देकर समाधान के लिए विस्तृत चर्चा किया. वही झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे जनहित के कार्यों को विस्तार से बताया. इस अवसर पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष चन्द्र रवानी, संतोष महतो, जितेन्द्र महतो,चंडी गयाली, मनोज कुमार, राहुल कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### जेबीकेएसएस के सदस्यों की बैठक

**धनबाद।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला कमेटी के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की पहली बैठक ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा के आवासीय कार्यालय मां वाणी एनक्लेव बरवाअड्डा में जोन अध्यक्ष हरेंद्र रजक की अध्यक्षता में हुई. नवनिर्वाचित धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो द्वारा नवनिर्वाचित धनबाद नगर जिलाध्यक्ष शक्ति नाथ महतो, धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा केंद्रीय सचिव दीपक रवानी और सभी पदाधिकारियों को स्वागत अभिनंदन किया गया. बैठक का संचालन धनबाद जिला प्रवक्ता नीरज शर्मा द्वारा किया गया.

### विस्थापितों के आंदोलन को जयराम का समर्थन

**मैथन।** नौकरी या एकमुश्त 15 लाख रुपए मुआवजा एवं पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर डीवीसी मैथन में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे विस्थापितों को समर्थन देने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) नेता जयराम महतो सोमवार को मैथन धरनास्थल पर पहुंचे. विस्थापितों ने उनका जोरदार स्वागत किया. मौके पर उन्होंने कहा कि गांधीवादी तरीके से आंदोलन करने पर मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में कंपनी के खिलाफ भगत सिंह बनकर सामना करना पड़ेगा. जिस तरह भगत सिंह ईस्ट इंडिया कम्पनी की दमनकारी और शोषणकारी नीतियों के खिलाफ उठ खड़े हुए थे, उसी तरह हर घर से एक व्यक्ति को आगे आना होगा, नहीं तो इसी तरह कंपनी अन्याय करती रहेगी.

उन्होंने कहा कि ताजुब्ब की बात है कि 1957 में जमीन का अधिग्रहण किया गया.

### पूर्णाहुति के साथ यज्ञ समाप्त

**महुदा।** महुदा मोड़ स्थित शिव शक्ति धाम में दयाल राधा-कृष्ण मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ सोमवार को पूर्णाहुती के साथ सम्पन्न हो गया. सुबह से ही भक्त राधा-कृष्ण की प्रतिमा का दर्शन करने मंदिर पहुंचने लगे. आचार्य अशोक पंडित, मधुसूदन पाण्डेय, सुबोध पाण्डेय, जय पाण्डेय एवं प्रियांशु पाण्डेय ने यज्ञकुण्ड में अग्नि प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण कर आहूति दी. इसके बाद पंचदेवता पूजन और चण्डीपाठ कर दोनों प्रतिमाओं को स्थापित किया गया. महायज्ञ में यजमान पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो सपत्नीक बने थे. साथ ही एक अन्य यजमान शिवा महतो भी सपत्नीक बने थे. अंत में भंडारे का आयोजन किया गया. सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया.

# ट्राफिक का कोई माई-बाप नहीं



### शाम होते ही स्टीलगेट जाम

स्टीलगेट में जाम लगना हर शाम की कहानी बन चुकी है. शाम से लेकर रात होने तक इस इलाके की भीड़ बढ़ जाती है. इस इलाके में आने-जाने वाले वाहनों की संख्या में भी बढ़ जाती है. हालांकि चौक के पास पुलिस बल की तैनाती होती है. बावजूद इसके यहां जाम लगना आम बात हो चुकी है. यह जाम कभी इतना लंबा हो जाता है कि भुइफोड़ के आसपास तक चला जाता है. क्योंकि यहां जाम लगने के बाद बिग बाजार में भी जाम लग जाता है. यहां वाहनों की लंबी कतार दोनों तरफ लग जाती है.

### सुबह हो या शाम, जाम ही जाम



## गाड़ियां रहीं रेंगती, पुलिस काटती रही चालान







**धनबाद।** वैसे तो धनबाद में यातायात व्यवस्था को लेकर अच्छी खासी तैनाती है. शहर के सभी चौक-चौराहों में पर्याप्त बल हैं. बावजूद इसके जाम लगने के बाद शहर में वाहनों की रफ्तार थम जाती है. सोमवार को भी धनबाद शहर जाम से कराहता रहा, वाहनों की कतार रेंग-रेंग कर खिसकती रही और यातायात व्यवस्था में लगे जवान चालान काटने में मस्त रहे. ऐसे में वाहन चालकों की घंटों दुर्गति होती रही, कइयों ने तो साफ कहा कि भाई साहब, यहां ट्राफिक का कोई मां-बाप नहीं है.

## असर्फी अस्पताल जाम का सबसे बड़ा कारण



असर्फी अस्पताल के कारण यहां जाम लगता है. हालांकि नगर निगम ने दो बार अस्पताल प्रबंधन को जुर्माना भी लगाया है. निगम ने अस्पताल पर ट्रांसफार्मर हटाने का निर्देश दिया था, ट्रांसफार्मर हटाने और सर्विस लेन में वाहन खड़ा नहीं करने की ताकीद की थी. बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन अपने रवैये से बाज नहीं आया है. आज भी अस्पताल के आसपास सर्विस लेन में वाहनों की कतार लगी रहती है. शाम होने के बाद यहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है.

## बैंकमोड़ से पूजा टाकिज तक महाजाम

धनबाद शहर में सोमवार को दिन भर वाहन रेंग-रेंग कर चले हैं. शहर के धनसार से लेकर बस स्टैंड तक लोगों ने जाम को झेला. खासकर बैंकमोड़ ओवर ब्रिज में वाहनों की कतार लगी रही. जाम में फंसे बाइकसवारों को बारिश की फुहारों से भीगना भी पड़ा. जाम के कारण शहर की पूरी यातायात व्यवस्था चौपट रही. बैंकमोड़ से स्टेशन पहुंचने में आधा घंटे से भी अधिक समय लगा. ऐसे में भी कई स्थानों पर यातायात जवानों को जाम से मुक्ति करवाने के बजाय वसूली में ही लीन दिखे. सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तक शहर में जाम कायम रहा. ये जाम दोपहर के बाद धीरे-धीरे कम होता गया.

## स्टेट हाइवे में भी जाम

शहर की सड़कों को छोड़ ही दीजिए, यहां तो स्टेट हाइवे भी जाम के जंजाल में फंस चुका है. स्टेट हाइवे के विनोद बिहारी चौक में भी अक्सर जाम लग जाता है. लोगों की मानें तो यहां की सर्विस लेन सड़क अतिक्रमित हो चुकी है. ठेले, खोमचे और सब्जी वाले सर्विस लेन में दुकान लगा रहे हैं, सिर्फ यही नहीं वाहनों को भी सर्विस लेन में जैसे-तैसे बेतरतीब लगा दिया जाता है. इस कारण मेनलेन की सड़क में वाहनों की कतार लग रही है. खासकर शाम के वक्त को जाम लगता ही है.

**इनपुट : रनजीत सिंह, अफताब आलम**

## अखिल विश्व गायत्री परिवार की कलश यात्रा



**संवाददाता ।झरिया**

अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में प्रातः 7:00 से मंगल कलश यात्रा निकाली गई.बैंड-बाजा के साथ सैकड़ों महिलाएं मंगल कलश यात्रा में धर्म ध्वज के साथ बस्ताकोला नोनिया टोला गौशाला मोड का भ्रमण करते हुए वापस शक्तिपीठ बस्ताकोला पहुंची. जहां शक्ति कलश का पूजन कर सभी महिलाओं पुरुषों वर्ग के लिए प्रसाद इत्यादि की व्यवस्था थी. मंगल कलश यात्रा में सभी योग संगीत सहित जय श्री राम, जय हनुमान इत्यादि का नारा लगाते हुए भ्रमण कर रहे थे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभूति शरण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, ए के गौतम, नरेश भट्ट, विनोद कुमार साहू, महेश गुप्ता, कुमार भृगु, संजय सिंह, अरविंद कुमार सिंह इत्यादि ने सैकड़ों परिजनों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया. प्रातः 9:00 से 11,111 हनुमान चालीसा का पाठ संध्या 4:45 से प्राण- प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हुआ. पूजा पुष्पांजलि आरती पूर्णाहुति के पश्चात महाप्रसाद का वितरण हुआ.

## महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष ग्रामीणों का प्रदर्शन

**संवाददाता ।तेतुलमारी**



**प्रदूषण से परेशान है ग्रामीणों**

प्रदूषण से तेतुलमारी के ग्रामीण इतने परेशान है कि उन्हें विरोध प्रदर्शन करना पड़ा. सोमवार को ग्रामीणों ने बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या-5 के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व मुखिया अशोक ठाकुर ने किया. इस दौरान ग्रामीणों ने कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

विरोध प्रदर्शन के करीब एक घंटे बाद महाप्रबंधक ने वार्ता के लिए मुखिया को बुलाया. मुखिया ने ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन महाप्रबंधक को सौंपा. ज्ञापन को पढ़कर महाप्रबंधक ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया.

बता दें कि तेतुलमारी व निचितपुर परियोजना में हो रहे उत्खनन कार्य से इलाके में जला हुआ ओबी का धूलकण उड़ने से ग्रामीण परेशान हैं. कई लोग बीमार पड़ चुके हैं. ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर बाध्य होकर बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष आंदोलन की चेतावनी दी है. मौके पर प्रदीप वर्मा, आरके चौधरी, पप्पू सोनी, चंद्रभान प्रसाद, अजय निषाद, प्रीतपाल सिंह, दीनानाथ केवट, उत्तम सिंह, हरेराम सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

## तेतुलमुड़ी 6/10 के प्रभावित सिजुआ दस नंबर में बसेंगे

### प्रबंधक के साथ वार्ता में बनी सहमति

**संवाददाता ।कतरास**

तेतुलमुड़ी छह-दस मोहल्ला के लोगों का लंबा आंदोलन रंग लाया है. सोमवार को पुनर्वास मामले पर मोदीडीह कोलियरी कार्यालय में प्रबंधन व प्रभावित लोगों की वार्ता हुई. वार्ता में प्रभावित लोग सिजुआ दस नंबर मोड़ के पास बीसीसीएल के चयनित जगह पर बसने पर तैयार हो गए. इसके साथ ही आउटसोर्सिंग परियोजना विस्तार का रास्ता भी साफ हो गया. वार्ता में यह निष्कर्ष निकला कि प्रभावितों लोगों के लिए चयनित जगह पर पानी, बिजली, सड़क एवं मंदिर की व्यवस्था की जाएगी.

उल्लेखनीय है कि तेतुलमुड़ी आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तारीकरण के लिए उस मोहल्ला को दूसरे जगह शिफ्ट करने की कवायद काफी दिनों से चल रही थी. मोहल्ले के लोग मुलभूत सुविधाओं के साथ वहां से विस्थापन करने की मांग कर लगातार आंदोलन कर रहे थे. वार्ता में परियोजना पदाधिकारी संजय सिंह, प्रबंधक दशरथ सिंह, बृजबिहारी सिंह, मजहर अंसारी, नीरज गुप्ता, साजन महतो, मनोज कुमार तथा प्रभावितों की ओर से कतरास नगर युवा कांग्रेस की महासचिव अनीता देवी, बिंदु देवी, कुंती देवी, दुर्गी देवी, किरण कुमारी, रूबनी देवी, फुलमनी देवी, दिव्या देवी समेत अन्य लोग शामिल थे.

## वन अधिकार समिति की ग्राम सभा

**संवाददाता ।टुंडी**

टुंडी प्रखंड के बेगनरिया पंचायत अंतर्गत देव पहाड़ वन अधिकार समिति ने सामुदायिक वन संसाधनों का भौतिक सत्यापन एवं वन भूमि के सीमांकन करने के लिए ग्राम सभा का आयोजन सोमवार को किया. ग्राम सभा में समिति के सदस्यों समेत वन विभाग एवं अंचल कार्यालय के प्रतिनिधिमंडल उपस्थित हुए. मौके पर टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता रतिलाल टुडू, झामुमो सोनोत संथाल समाज के संस्थापक रमेश टुडू, सामाजिक कार्यकर्ता मयूर शेखर झा, जिला परिषद् प्रतिनिधि गुरुचरण बास्की, जिला सीएसओ चन्दन कुमार, टुंडी प्रखण्ड सीएसओ सुबोध कुमार, पूर्वी टुंडी सीएसओ संदीप हांसदा, मुखिया रीता कुमारी समेत सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. ग्राम सभा को सफल बनाने में देव पहाड़ वन अधिकार समिति के अध्यक्ष जियालाल हांसदा एवं सचिव दिनेश हेंब्रम ने अहम भूमिका निभाई. इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया.

**राहत के आसार** हर दिन इस मार्ग से होकर गुजरती हैं सौ से अधिक ट्रेनें

# हरिहरपुर रेल फाटक : हर चार मिनट में होती है बंद

**सतीश गोस्वामी।गोमो**





धनबाद रेल मंडल अंतर्गत गोमो रेलवे स्टेशन से महज चार किलोमीटर दूरी पर अवस्थित हरिहरपुर रेल फाटक पिछले एक दशक से लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है. हावड़ा नई दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन रेलवे का प्रमुख रूट होने के कारण चौबीस घंटे में लगभग 100 से 115 की संख्या में ट्रेनें इस रूट से गुजराती हैं और लगभग उतनी ही बार रेलवे फाटक बंद भी होता है. कार्यरत गेट मेन ने बताया की हर चार मिनट ट्रेन आने की खबर होती है. हर बार रेलवे फाटक बंद करना पड़ता है. लगातार फाटक बन्द होते रहने से आम जनों को ना सिर्फ परेशानियां बढ़ती हैं बल्कि घंटों समय बर्बाद होता है तो दूसरी ओर मौसम की मार झेलनी पड़ती है. बारिश भी लोगों को भीगना पड़ रहा है. रेल नगरी गोमो से हरिहरपुर, कोरकोटा के अलावे बोकारो जिला के नावाडीह प्रखंड क्षेत्र को नेशनल हाईवे को जोड़ने वाली इस क्षेत्र का एक मात्र प्रमुख सड़क मार्ग है. इसमें यात्री वाहन से लेकर विभिन्न कारोबारी से जुड़े लगभग पांच हजार से अधिक वाहनों का आवागमन प्रतिदिन होता है. जिसमें हरिहरपुर रेल फाटक बड़ी समस्या बन चुकी है. पंचायत समिति सदस्य शंकर पान्डेय,नौशाद अंसारी ने बताया कि रेल फाटक घंटे बंद रहने से सड़क जाम की भी समस्या उत्पन्न होती है तो दूसरी ओर विद्यार्थी से लेकर आम कारोबारी समय पर स्कूल,कार्यालय व अन्य प्रतिष्ठान पर नहीं पहुंच पाते हैं. यात्रियों की ट्रेनें छूट जाती हैं. जन प्रतिनिधियों ने बताया कि यह रेलवे फाटक लोगों के लिए बड़ी मुसीबत होने के बावजूद भी इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ऐसी मूलभूत समस्याओं से सरोकार रखने विफल रहे हैं. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर जनप्रतिनिधि जागरूक होते तो बरसों पूर्व रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बना होता लोगों को आज यह समस्या नहीं झेलनी पड़ती.

### रात में होती है छिनतई, कई बने शिकार

हरिहरपुर गांव के कई व्यवसाइयों ने बताया कि रेलवे फाटक के समीप रात में कई व्यवसायी छिनतई के शिकार हुए हैं . गोमो में अपनी दुकान, प्रतिष्ठान बंद कर लौटने के समय रेलवे फाटक पास सन्नाटा रहता है, फाटक बंद होने से वहां रुकने पर बदमाशों द्वारा छिनतई की घटना को अंजाम दिया जाता हैं . रात में अक्सर बाइक सवारों को शिकार बनाया जाता है .

### ओवर ब्रिज बनने का प्रारंभिक कार्य शुरू

हरिहरपुर रेल फाटक जो बरसों से एक बड़ी समस्या बनी है . उस पर रेलवे के द्वारा ओवर ब्रिज बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है . रेलवे के अधिकारी ने बताया कि ओवर ब्रिज बनाने के लिए भूमि सीमांकन कर लिया गया है . दीवार के लिए बोरिंग की जा रही है . हालांकि अभी ओवरब्रिज बनने में समय लगेगा .



♦ Pillar Less 4000Sq.ft. AC Hall
♦ Facility for Guests
♦ 30 Nos. of Luxurious Rooms
♦ Lift Facility
♦ First Elevated Swimming Pool
♦ Parking Facility
♦ Sweet Rooms, Banquet Hall
TILAKRAIDIH, AMAGHATA, NEAR MAA DHARAM KATA, GOBINDPUR, DHANBAD
MOBILE : 9334073093, 7004249799

## ब्रीफ खबरें

### साईबर सिक्योरिटी की संयोजिका बनी अपूर्बा

**बोकारो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज, बोकारो को ए.आई.सी.टी.ई. (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा अटल-फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, साईबर सिक्योरिटी के आयोजन हेतु 3.5 लाख रुपयों के अनुदान हेतु चयनित किया गया है. इस संकाय विकास कार्यक्रम के संयोजक के रूप में अपूर्बा सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर साईंस एंड इंजीनियरिंग विभाग को नामित किया गया है. इन्होंने पूर्व में साईबर विद्यापीठ द्वारा आयोजित साईबर डिफेंस इंजनीयरिंग पर उत्कृष्टता प्रमाण पत्र हासिल किया है. एक सप्ताह के इस कार्यक्रम में पूरे भारत से रिसोर्स पर्सन तथा प्रतिभागी शामिल होंगे.

### डायन बिसाही मामले की जांच में जुटी पुलिस

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड थाना क्षेत्र के नावाडीह पंचायत अंतर्गत परसबनी गांव में एक डायन बिसाही का मामला प्रकाश में आया है. बताया जाता है कि परसबनी गांव में दो आदिवासी परिवार जीतन हांसदा एवं यूगल हांसदा के बीच डायन भूत को लेकर लड़ाई झगड़ा का माहौल उत्पन्न हो गया था. इसी सूचना पर पीरटांड थाना प्रभारी व मुखिया गांव गए और बैठक किया, जिसके बाद सुलह कराया गया. साथ ही इस तरह के मामले को अंधविश्वास बताते हुए ये सब मामले में न पड़ने का निर्देश दिया.

### जले ट्रांसफार्मर जल्द बदले बिजली विभाग: राजेश

**गिरिडीह।** बेंगाबाद के भूतपूर्व जिप सदस्य एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में जले हुए बिजली के ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने की मांग करते हुए कहा है कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जीएम कार्यालय के समक्ष आंदोलन किया जाएगा. इस बाबत श्री यादव ने कहा कि बेंगाबाद प्रखंड के जगनुडीह, बड़ियाबाद, अरतोका, बेंगाबाद बस्ती पत्थलटांड़ सहित अन्य कई गांवों के भी बिजली के ट्रांसफार्मर जले हुए हैं, जिन्हें बदला नहीं जा रहा है. इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### आर्म रेसलिंग में करण और प्रियांशु को मिला कांस्य पदक

**गोड्डा।** जामताड़ा में आयोजित झारखंड स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में गोड्डा के करण और प्रियांशु ने कांस्य पदक जीतकर गोड्डा का मान बढ़ाया है.
एसोसिएशन ऑफ झारखंड के द्वारा रविवार को जामताड़ा के सेंट एंथोनी स्कूल में आयोजित एक दिवसीय झारखंड स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में बतौर प्रतिभागी गोड्डा से तीन आर्म रेसलर संजय, करण एवं प्रियांशु राज शामिल हुए थे. जिसमें से दो आर्म रेसलर करण एवं प्रियांशु राज ने अपने-अपने भार स्पर्धा का कांस्य पदक जीतकर गोड्डा को सम्मान दिलाने का काम किया है. आर्म रेसलिंग के गोड्डा जिला संयोजक सुरजीत झा के अनुसार दोनों पदक विजेताओं एवं कोच पियूष कुमार साह को अगले महीने खेल दिवस के अवसर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है.

### 20 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**जरीडीह (बोकारो)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत भस्की पंचायत के पिपरामोड़ में सोमवार को सहायक अध्यापकों की सरायविंधा, बेलडीह व भस्की संकुल स्तरीय संयुक्त बैठक आयोजित हुई. अध्यक्षता महेंद्र कुमार नायक व संचालन रामकुमार मरांडी ने किया. बैठक में सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ तथा सहायक अध्यापकों को स्थायी करने की मांग को लेकर 20 जुलाई को आहूत मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में रामकुमार मरांडी, फनीभूषण महतो, जीवधन मांझी, महानंद महतो, रेखा कुमारी, अनिता सिंह, सरयू रजक, योगेंद्र प्रसाद, रथुराम महतो, सुखदेव महतो, लक्ष्मी सिंह, प्रजापति मांझी, चितरंजन हांसदा, लक्ष्मण महतो, महेश कुमार सिंह, अशोक महतो, संतोष सोरेन, चितरंजन, बृजभूषण मुंडा, सुरेश नायक आदि मौजूद थे.

# जॉय इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम में लगी आग, 18 बाइक जलकर राख

## आग लगने की बदबू से सर्तक हो हॉस्टल के लड़कों ने बुझाई आग, दमकल कर्मी लेट से पहुंचे

**खास बातें**

- बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने से लगी आग
- किसी के हताहत होने की सूचना नहीं



**घटना**
**सिटी सेंटर में जीतेन्द्र टॉकिज के पीछे प्लॉट जेबी-14 की**

**संवाददाता। बोकारो**

सोमवार दोपहर लगभग दो बजे सेक्टर चार, सिटी सेंटर में जीतेंद्र टॉकीज के पीछे प्लॉट जेबी -14 के ग्राउंड फ्लोर स्थित जॉय इलेक्ट्रिकल बाइक शो रूम में बाइक के बैटरी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई. इस आग में शोरूम में रखे 18 बाइक जल कर राख हो गए. हालांकि सूचना दिये जाने के बाद भी दमकल गाड़ी विलंब से पहुंची, तब तक ऊपर तल्ले में रह रहे हॉस्टल के लड़कों ने 70 प्रतिशत आग पर काबू पा लिया था. किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.
शो रूम मालिक ने बताया कि गाड़ी की बैटरी में आग लगी. जब तक वो कुछ सोच समझ पाते आग तेज हो गई और बाकी गाड़ियों को भी आग ने अपने जद में ले लिया. शोरूम के ऊपर हॉस्टल में रह रहे लड़कों ने बताया कि लगभग 2 बजे वे खाना खा रहे थे, तभी आग लगने की बदबू से वे सतर्क हुए. वे सभी नीचे भागे तो देखा कि शोरूम में आग लगी है. वे सभी वहां रखे दो ड्रम पानी से लगभग 70 प्रतिशत आग बुझा दिए. दमकल करीब एक घंटे बाद आई और शेष बची आग पर काबू पाया, तब तक शोरूम में रखी 18 बाईक जल कर राख हो गई थी.

# नाली की सफाई में लगे मजदूर की करंट से मौत, दूसरा घायल

## मुआवजा को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा, बीडीओ के आश्वासन पर हुए शांत

**संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)**



जमुआ-मिर्जागंज मुख्य मार्ग पर बनी नाली की सफाई में लगे मजदूर चरका मियां उर्फ फिरोज अंसारी (35 वर्ष) की सोमवार की सुबह करंट लगने से मौत हो गई. जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल मजदूर को आनन-फानन में स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया. मृतक चरका मियां जमुआ प्रखंड के मगहा खुर्द गांव का रहने वाला था. बताया गया कि झारखंडी यादव ने नाली साफ करने के लिए चरका मियां व एक अन्य मजदूर को बुलाया था. चरका मियां लोहे की रॉड से नाली की सफाई कर रहा था. तभी रॉड का एक भाग पास से गुजरे 11 हजार वोल्ट के तार में सट गया. चरका मियां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी बिजली के तेज झटके से घायल हो गया. चरका मियां की मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया. परिजन बदहवास घटनास्थल पर दौड़े. घर में पत्नी के अलावा उसके 4 छोटे-छोटे बच्चे हैं. पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था.
घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर शव को रख सड़क जाम कर दी और जमकर हंगामा किया. सूचना मिलते ही जमुआ व हीरोडीह थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे. जमुआ बीडीओ कमलेन्द्र कुमार सिन्हा भी पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया. जमुआ विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ने मुआवजा दिलाने के लिए लिखित आश्वासन दिया. वहीं, बीडीओ ने प्रखंड प्रशासन से मिलने वाली सुविधाएं दिलाने का आश्वासन दिया. इसके बाद मामला शांत हुआ. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया. मौके पर जमुआ के पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह, थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल, जमुआ प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, भाकपा नेता असगर अली, मुखिया अबुजर नोमानी, कांग्रेस नेता महशर इमाम, पंसस बेलाल अंसारी आदि मौजूद थे.

### गायब बच्चे की लाश दूसरे दिन नाले से मिली

**गोड्डा।** रविवार की दोपहर घर से गायब हुए बालक की लाश दूसरे दिन सोमवार की सुबह नाले से बरामद हुई. घटना बसंतराय थाना अंतर्गत ग्राम पकड़िया की है. मृत बालक के दादा के अनुसार उसका आठ वर्षीय पिता मो हैदर रविवार की दोपहर से गायब था. गांव में इधर उधर बहुत खोजे मगर कोई सुराग नहीं मिला. दूसरे दिन सुबह घर के ही कुछ दूरी पर एक नाले से शव को बरामद किया गया. दादा ने बालक की हत्या करने का आरोप अपने ही बेटा मो रियाज और बहू पर लगाते हुए कहा कि उसके बेटा की दो शादी थी. पहली पत्नी से एक बेटा मोहम्मद हैदर (मृतक) और एक बेटी है. पहली पत्नी की मृत्यु हो जाने के बाद उसके पुत्र ने दूसरा विवाह किया और उससे भी बच्चा पैदा हुआ. दूसरी शादी के बाद से ही उसकी दूसरी पत्नी और बेटा मेरे पोता हैदर को मारने की धमकी दे रहे थे. कई बार इस आशय की बात भी बोलता था. बच्चे से ही पोता को किसी तरह पाल पोषकर बड़ा किया था. घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घरवालों ने पुलिस के आने से पूर्व ही लाश को हटा दिया था. पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है. घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष है.

# विकास कार्यों के प्रति संवेदनशील बनें अधिकारी: सुदिव्य कुमार सोनू

**संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह जिला परिषद बोर्ड की बैठक सोमवार को जिला परिषद सभागार में उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद थे. जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर मंथन किया गया.
विधायक ने कहा कि अधिकारियों को योजनाओं को धरातल पर उतारने और आमजनों को लाभान्वित करने के प्रति गंभीर रहना चाहिए. इसके लिए अधिकारियों व जिला परिषद सदस्यों को संवेदनशील होकर कार्य करना होगा. उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतने को कहा. साथ ही प्रत्येक पंचायत में चापाकल की स्थिति के बारे में जिप सदस्य व पेयजल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी ली. कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10 चापाकल लगाना है, जिसमें 5 स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर पांच जिला परिषद सदस्य के स्तर से लगना है. उन्होंने कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द पंचायतों में चापाकल लगाने का निर्देश दिया.
बैठक में स्वास्थ्य, जलापूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों में चल रही योजनाओं की समीक्षा की गई. विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को नियमित बिजली आपूर्ति का सख्त निर्देश दिया गया. साथ ही बिजली और पेयजल व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन की कार्रवाई की सूचना संबंधित जिला परिषद सदस्य को उपलब्ध कराने को कहा गया. डीडीसी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति व हर घर तक कैसे पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी विभागी पदाधिकारी की है. संबंधित अधिकारी जिला परिषद सदस्य के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें. बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि गांडेय, सभी प्रमुख, सभी जिप सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

# सोलर प्लेट चोरी करते चोर को रंगे हाथ पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)**



सरिया गिरिडीह सबलपुर पंचायत के टोला विजयपुर में लगे सोलर प्लेट को कुछ अज्ञात लोगों के द्वरा खोला जा रहा था, तभी कुछ ग्रामीणों की नजर खोल रहे व्यक्तियों पर पड़ा तो हो हल्ला करने लगे. हल्ला सुनकर ग्रामीण जमा हो गए और सोलर प्लेट को खोल रहे अज्ञात व्यक्तियों को पकड़ लिया.
पूछताछ करने पर उक्त व्यक्तियों ने बताया कि हमें सबलपुर पंचायत के मुखिया के पुत्र ने खोलने बोला है.
ग्रामीणों ने आदेश पत्र दिखाने बोला लेकिन उसका कोई जवाब नहीं दिया. जिसके बाद ग्रामीणों ने सरिया पुलिस को सूचना देकर खोले गए सोलर प्लेट सेट सहित एक व्यक्ति को सरिया पुलिस को सौंप दिया.
इधर सबलपुर पंचायत समिति सदस्य चंद्रिका सिंह ने मुखिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुखिया के मिली भगत से रात के अंधेरे में लगभग 8:00 बजे मोटर पैनल को बेचा जा रहा था. तभी ग्रामीणों ने घेर कर गाड़ी व एक व्यक्ति को पकड़ लिया. जिसके बाद ग्रामीणों ने सरिया पुलिस को सूचना देकर सोलर प्लेट पुलिस को सौंप दिया. जबकि मौके से चार लोग अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया.
ग्रामीणों का कहना है कि मामला जब बिगड़ने लगी तब मुखिया प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि हमने खोलने के लिए बोला था. ग्रामीणों का आरोप है कि मुखिया सामान को मोटे रकम में बेचने के फिराक में था. कोई बोल रहा था कि मुखिया का पुत्र सोलर प्लेट चोरी करवाता है. वहीं सबलपुर पंचायत में दर्जनों कुआं पर लगे सोलर प्लेट की चोरी हो चुका है.

**जायजा** मुहर्रम को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# प्रमुख स्थानों पर दंडाधिकारियों की होगी प्रतिनियुक्ति: डीसी

- सोशल मीडिया पर रहेगी पेनी निगाह: पुलिस अधीक्षक

**संवाददाता। गिरिडीह**



समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में जिले के विभिन्न अनुमंडलों से आए शांति समिति के लोगों ने भाग लिया. उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से शांति के साथ पर्व मनाने को लेकर आश्वस्त किया. इस दौरान शांति समिति के लोगों द्वारा साफ सफाई, पेयजल एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर भी चर्चा किया गया.
बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि जिले के जिन जगहों पर शांति समिति की बैठक नहीं हुई है, वहां के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी शांति समिति की बैठक कर लें. वहीं सभी अनुमंडल पदाधिकारी को अपने क्षेत्र के सामाजिक समरसता को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. इसके साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, अनुमंडल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी उस पथ का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन कर लें. विधि व्यवस्था के संधारण के लिए प्रमुख स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. जिला स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा.
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे सभी स्थान जो कि संवेदनशील हैं, वहां पर विशेष निगरानी रखनी है. रूट पुराना ही रहे इस पर भी विशेष ध्यान रखना है. फेसबुक, व्हाट्सएप समेत सभी सोशल मीडिया का मॉनिटरिंग करना है. सभी थाना प्रभारी एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी इसके लिए सोशल मीडिया ग्रुप एडमिन के साथ एक बैठक कर लें और किसी प्रकार का भी भ्रामक खबर न फैले, इस पर विशेष ध्यान देना, साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को फैलाने वाले पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें. जुलूस के दौरान आग का खेल, एयर गन आदि के प्रदर्शन पर रोक रहेगा. इस दौरान सभी अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि उनके क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 की कार्यवाही की जा रही है एवं विधि व्यवस्था की निगरानी रखी जा रही है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक भी थाना स्तरीय कर ली जा रही है.
बैठक में उपरोक्त के अलावा सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य सहित अन्य कई संबंधित पदाधिकारी एवं गणमान्य व बुद्धिजीवी उपस्थित थे.

### दो समुदायों में अखाड़े को लेकर चल रहे विवाद का समाधान

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना क्षेत्र के कोयलखा में वर्षों से दो समुदायों के बीच अखाड़ा स्थल को लेकर चल रहे विवाद का निष्पादन प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश प्रसाद महतो की अगुवाई में प्रखण्ड शांति समिति द्वारा थाना प्रभारी जमुआ मणिकांत कुमार की पहल पर सोमवार को सुलह कर दिया गया. बैठक में कोयलखा गांव के दोनों पक्षों के प्रमुख लोग थे. प्रखण्ड शांति समिति के द्वारा दोनों पक्षों को नसीहत दिया गया कि मिलकर रहें और आपसी भाईचारा कायम रखें. कहा गया कि लड़ाई व झगड़े किसी समस्या का समाधान नहीं है. तय हुआ कि न तो अखाड़े का आयोजन करने से कोई रोकेंगे और न ही महावीरी झंडे को. दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के त्योहार में सहयोग करेंगे. कहा गया कि एक दूसरे के धर्म का सम्मान करना मानव मात्र का फर्ज है. प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश प्रसाद ने कहा कि कानून हाथ में लेने वाले को नहीं बख्शेंगे. बैठक में दोनों पक्षो के दो-दो सदस्यों को लेकर एक समन्वय समिति बनाई गई.

### सीहोडीह में करंट से दो लोगों की मौत

**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह में काम करने के दौरान बिजली करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई. घटना के बाद स्थल पर चीख पुकार मच गई. जानकारी के अनुसार सिहोडीह स्थित आशीर्वाद रिजॉर्ट और उसके बाहर शादी समारोह को लेकर सजावट किया गया था. शादी सम्पन्न होने के बाद रिजॉर्ट के बाहर गली में लगाया गया डेकोरेशन का सामान दो मजदूर खोल रहे थे. इसी दौरान ऊपर से गुजरे ग्यारह हजार वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में दोनों मजदूर आ गए. तार के संपर्क में आते ही बिजली करंट से दोनों मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद आनन फानन में दोनों मजदूरों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. मृतक मजदूरों में धरियाडीह निवासी आकाश कुमार और गरहाटांड निवासी अंशु कुमार शामिल है. इधर घटना की खबर सुन काफी संख्या में मृतक मजदूरों के परिजनों और अन्य लोगों की भीड़ सदर अस्पताल में लग गई. चारों ओर चीख पुकार मचा हुआ है. मामले की सूचना मुफ्फसिल थाना पुलिस को दे दी गई है.

### बोकारो जिला तैराकी टीम गठित, 22 खिलाड़ी शामिल

**बोकारो।** झारखंड तैराकी संघ की ओर से 14वीं सब-जूनियर एवं जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता 26 से 28 जुलाई तक रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जाएगी. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बोकारो जिले की टीम का गठन कर लिया गया है. बोकारो जिला तैराकी संघ की ओर से डीपीएस बोकारो के स्वीमिंग पूल एरिया में आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों व क्लबों से करीब 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रदर्शन के आधार पर 22 नवोदित तैराक टीम में चयनित किए गए. बालक वर्ग में अरण्या रोहन, वरुण आदित्य रॉय, अंकित बासु, अर्णव शरण, एमएस शंकर, प्रज्ञान कुमार, अतुल्य, हर्षित मोदी, आरव कुमार, अक्षत वर्मा, हर्षिल अधिराज, पूनान, सम्यक व आनंद देवनाथ का चयन किया गया है. वहीं, बालिका वर्ग में गुरलीन, सुप्रिया सिंह, फैजा फारूकी, अदित्री चौहान, अरुणिमा, आंशिका, आद्या प्रिशा और अंकिता राज को टीम में शामिल किया गया है. यह जानकारी बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष व डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने सोमवार को दी. उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय यह प्रतियोगिता रांची के होटवार स्थित वीर बुधु भगत एक्वेटिक स्टेडियम मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 26 से 28 जुलाई तक खेली जानी है. इसके लिए बोकारो जिला टीम का चयन चार कैटेगरी में किया गया है. कैटेगरी-1 में 15-17 वर्ष, कैटेगरी-2 में 12-14, कैटेगरी-3 में 10-11 और कैटेगरी-4 में 8-9 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी चुने गए हैं.

### आदिवासी कल्याण छात्रावास का निरीक्षण

**साहिबगंज।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने आज अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास पोखरिया एवं आदिवासी कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया. सर्वप्रथम साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज के प्रधानाचार्य सैयद रजा इमाम रिज़वी ने सदस्य को बुके देकर स्वागत किया. सदस्य द्वारा बालिका छात्रावास एवं बालक छात्रावास के कमरों का निरीक्षण एवं छात्राओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली एवं जल्द ही समस्याओं से निराकरण के लिए आश्वासन दी. सदस्य ने अपने संबोधन में अनुसूचित जनजाति आयोग कि जानकारी दी. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति आयोग एनसीएसटी एक संवैधानिक निकाय है. इसकी स्थापना अनुसूचित जनजातियों को शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने के साथ-साथ उनके सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक हितों की रक्षा करने के लिए की गई है. इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए मंजू रानी स्वांसी, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद उपस्थित थे.

### सीसीएल सीएमडी से मिला आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल

**कथारा।** सीसीएल मुख्यालय में सीसीएल के सीएमडी का पदभार ग्रहण करने के बाद कथारा क्षेत्र के दौर पर पहली बार आए सीसीएल के सीएमडी क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं के दौरा के उपरांत कथारा के अतिथि गृह में क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए. इस कड़ी में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह व क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल सीएमडी से मिला. जिसमें मजदूरों के वेलफेयर के संबंध में कई मुद्दों पर चर्चा हुई. वहीं कोलियरी के विस्तारीकरण जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई. सीसीएल के सीएमडी ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ हम सबों को आगे बढ़ाना है. सामूहिक प्रयास से निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना है. इसके लिए यथासंभव मुख्यालय स्तर का सहयोग निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा. समय पर काम करने वाले सिर्फ अधिकारी हो या कर्मचारी उन्हें अपने में सुधार लाने की आवश्यकता है. सर से पानी ऊपर होने पर वैसे लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई करने के लिए बाध्य रहेंगे.

### विस्थापितों ने किया गोविंदपुर परियोजना का चक्का जाम

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर परियोजना में विस्थापित प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर लहरियाटांड़ के विस्थापितों ने सोमवार को परियोजना का चक्का जाम आंदोलन शुरू किया. इस दौरान विस्थापितों ने सीसीएल के गोविंदपुर परियोजना से होने वाली कोयला एवं ओबी ट्रास्पोटिंग कार्य को बंद कर दिया. वहीं ट्रांसपोटिंग कार्य ठप होने के बाद सीसीएल के गोविंदपुर परियोजना पदाधिकारी अरविंद कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी आंदोलन स्थल पहुंचे एव विस्थापित प्रतिनिधियों से वार्ता किए. वार्ता में परियोजना पदाधिकारी श्री तिवारी ने 15 दिनों के अंदर सभी विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र निर्गत करने के साथ ही गांव में अन्य बिनियादी सुविधा भी जल्द बहाल करने का आश्वासन दिए. आश्वासन मिलने के बाद विस्थापितों ने चक्का जाम आंदोलन स्थगित कर दिया.

### हाथियों ने मचाया उत्पात, विधायक ने लिया जायजा

**पीरटांड (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड के बदगावां में रविवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाते हुए करीब 9 कच्चा मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही कई ग्रामीणों के फसलों को भी नष्ट कर दिया. बताया जाता है कि हाथियों के झुंड में लगभग 25 से 30 हाथी शामिल हैं. हाथियों के झुंड ने प्रखंड के बदगावां गांव में कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया है. साथ ही खेत में लगे फसल और घर में रखे अनाज को भी नस्ट कर दिया. वहीं वन विभाग के द्वारा बताया गया कि फिलहाल हाथियों का झुंड जंगलों में ही है, जिसे वन विभाग की ओर से भागने का काम किया जा रहा है. हाथियों के उत्पात की सूचना पाकर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बीडीओ मनोज कुमार मरांडी एवं वन विभाग के कर्मी बदगावां गांव पहुँच सभी टूटे हुए घरों का निरीक्षण किया एवं तुरंत एक-एक क्विंटल अनाज सभी पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया.


**AFFIDAVIT**

I, **GANGA GOPE**, Son of NARAYAN GOPE, aged about-62 years, Resident of village-Ganjhudih, Post-Swang Colliery, P.S.- Gomia, District- Bokaro (Jhakhand), Aadhar No. 4327 1887 9147 do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my actual and correct name is **GANGA GOPE** which is mentioned in my Aadhar Card vide No. 4327 1887 9147.
3. That, in my Saving Bank Account of Bank of India Branch-Swang Colliery, vide A/c No. 489810100006385 my name has been mentioned as **GANGO GOPE.**
4. That, both manes as **GANGA GOPE** and **GANGO GOPE** are of one and same person i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit to rectify my name as **GANGA GOPE** in place of **GANGO GOPE** in my afforesaid Bank Account and to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents made in this affidavit are true and correct, if same is found false then. I shall be liable to be punished in the eye of law.

**Affidavit No. 3764**
**Dt. 11.07.24**

**AFFIDAVIT**

I, **ANSARI RIZWAN** S/o Rahim Ansari, Permanent, Resident of Village : Lodhi, P.O.- Kurknalo, P.S.- Chatrochatti, District-Bokaro (Jharkhand) at Present resident of Shed Rajyogi Jamal Singh Marg, Guru Nanak High School, G.T.B. Nagar, Mumbai, Mumbai City, Maharashtra-400037 do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my Aadhaar Card No. is 3385 0107 3064 abd PAN Card No. BAWPA2466B.
3. That, my correct name is **ANSARI RIZWAN** which is mentioned in my Aadhaar Card and PAN Card.
4. That, my name has been wrongly spelled as **RIZWAN ANSARI** in my Bank Account of Bank of India, Gomia Branch vide A/c No. 481110110003691 which is required to be corrected as **ANSARI RIZWAN.**
5. That, **ANSARI RIZWAN** and **RIZWAN ANSARI** are the names of same and one person i.e. myself.
6. That, I am swearing this affidavit to rectify my name as **ANSARI RIZWAN** in place of **RIZWAN ANSARI** in my said Bank Account of Bank of India, Gomia Branch.
7. That, the contents made above are true and correct, if found flase. I shall be punishable under law.

**Affidavit No. 3790**
**Dt. 12.07.24**

## ब्रीफ खबरें

### श्री भगवान जगरनाथ वापस अपने घर पहुंचे



**बराकर।** बराकर बैगुनिया स्थित गौरांग मंदिर में सोमवार को भगवान जगरनाथ मौसी घर से वापस अपने घर पहुंचे. इस दौरान बड़ी संख्या में मंदिर में महिला, पुरुष भक्तों ने गाजे बाजे के साथ भगवान जगरनाथ, बलभद्र, बहन सुभद्राअ का स्वागत किया. इस दौरान मंदिर के पुजारी हरे कृष्ण बाबा और उनकी सभी सदस्यों ने भगवान के इस अबीर भाव में आरती उतारकर उनके पैर छू कर प्रणाम कर आशीर्वाद लिया.

### तृणमूल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**जामुड़िया:** 21 जुलाई शहीद दिवस को लेकर तृणमूल कांग्रेस के द्वारा जगह-जगह पर रैली एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक दो के बहादुरपुर पंचायत इलाके में तृणमूल युवा कांग्रेस के द्वारा एक बैठक बुलाई गई थी. इस बैठक के दौरान युवा नेता प्रेमपाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमसभी कार्यकर्ता एकजुट होकर 21 जुलाई शहीद दिवस को पालन करने के लिए कोलकाता के लिए रवाना होंगे, आज यह सभा युवा कार्यकर्ता के द्वारा किया गया है.

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली

**रानीगंज।** कमिटी की ओर से मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राधारानी विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. श्री राधा के स्वर में यहाँ की भूमि मानो वृंदावन की भूमि में तब्दील हो गई हो. एक तरफ़ राधा कृष्ण के पालकी की झांकी जहाँ आकर्षण का केंद्र था. वहीं निशान लिए महिलाएँ स्वागत कर रही थी. भजन कीर्तन से पूरा नगर श्री राधा के स्वर में गूंज उठा. जगह-जगह स्वागत में फूल वर्षा कराई जा रही थी. शोभा यात्रा में उपस्थित संतोष भाई ने कहा कि रानीगंज श्री सीताराम जी मंदिर एक ऐतिहासिक मंदिर है. इस मंदिर में सभी देवी देवताओं का मूर्ति स्थापित है.

### कबि दत्ता को किया सम्मानित

**आसनसोल।** आसनसोल में सोमवार को दुर्गापुर विकास प्राधिकरण चेयरमैन कबि दत्ता को राज्य सचिव वी शिवदासन दासु के नेतृत्व में टीएमसी कार्यालय में सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बैठक में आसनसोल नगर निगम के चेयरमैन अमरनाथ चटर्जी, टीएमसी पार्षद अशोक रुद्रा शिवानंद बाउरी, बबीता दास, राकेश शर्मा, अबू कौनेन, विश्वरूप गांगुली आदि उपस्थित थे. वी शिवदासन दासु ने उज्ज्वल भविष्य के लिए आसनसोल और दुर्गापुर में विकास कार्यों को तेजी से अंजाम देने का आश्वासन दिया. कबि दत्ता ने उन्हें सम्मानित करने के लिए वी शिवदासन दासु का धन्यवाद दिया और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का आश्वासन दिया. बैठक में वी शिवदासन दासु ने टीएमसी कार्यकर्ताओं को 21 जुलाई को कोलकाता में आने के निर्देश दिए.

### हजरत कश्मीरी बाबा के उर्स पर धर्मिक समारोह

**आसनसोल।** रविवार की रात को हजरत कश्मीरी शाह बाबा के उर्स मुबारक के शुभ अवसर पर पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में स्थित दरगाह में भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए. इस अवसर पर पश्चिम बर्धमान ज़िला के एआईएमआईएम कमेटी के अध्यक्ष दानिश अजीज, हीरापुर विधानसभा के प्रभारी मोहम्मद मंसूर सहित एआईएमआईएम के ज़िला प्रतिनिधियों ने दरगाह में दुआ की. इस महत्त्वपूर्ण उपलक्ष्य में समुदाय के विभिन्न अंगों ने धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक सामर्थ्य का प्रतीक्षा किया. यह समारोह सामाजिक समरसता और समुदाय की एकता को बढ़ावा देने का अवसर भी प्रदान करता है.

## छह सप्ताह से लापता युवक पंकज का कपड़ा शवगृह में मिला

संवाददाता । कुल्टी

सीतारामपुर-कुल्टी थाना अंतर्गत नियामतपुर फरदी के नियामतपुर लाइन मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय पंकज साव उर्फ चुन्नी करीब छह सप्ताह से लापता है. पुलिस ने आसनसोल ज़िला अस्पताल के शवगृह में परिजनों को शव और उसके कपड़े दिखाए. लेकिन शव इतना सड़ चुका था कि उसकी पहचान करना मुश्किल था. नतीजतन पुलिस ने सोमवार को डीएनए जांच कराने के लिए माता-पिता से अनुमति मांगी. मामले के सिलसिले में दो युवकों शरबन मंडल और दीपक मंडल को गिरफ्तार किया गया है और फिलहाल हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है. बताया जा रहा है कि दोनों एक ही इलाके के रहने वाले हैं. शरबन उर्फ छुट भैया तृणमूल का नेता बताया जा रहा है. लापता युवक दीपक साव के बड़े भाई ने बताया कि उसका भाई नियामतपुर स्थित लेडीज कॉर्नर में काम करता था. 2 जून को वह दोपहर करीब डेढ़ बजे दुकान से खाना खाने के लिए निकला था और उसे आखिरी बार न्यू रोड के पास देखा गया था. लेकिन वह घर नहीं पहुँचा. जब वह घर नहीं लौटा तो उसका फ़ोन बंद मिला. चिंतित होकर परिवार ने नियामतपुर फरदी को सूचित किया और बाद में कुल्टी थाने में शिकायत दर्ज कराई. कोई अपडेट न मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर आगे की जांच करने का दबाव बनाया.

## महिलाओं ने सिर पर बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन

**दुर्गापुर के शोभापुर प्राइवेट मनी ग्रुप के हाउसिंग एरिया में तनाव**



### खास बातें

- आवास प्राधिकरण प्रति माह करता है 30 से 40 लाख रुपये की वसूली
- सुरक्षा गार्ड नहीं होने से बढ़ती जा रही है चोरी की आशंका

संवाददाता । दुर्गापुर

इमरजेंसी लाइट और सिर पर बाल्टियां लेकर महिलाएं सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं. आवास प्रबंधक का भी घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया. दुर्गापुर के शोभापुर के पास प्राइवेट मनी ग्रुप के हाउसिंग एरिया में काफ़ी तनाव है. उन आवासों में लगभग 700 निवासी हैं. पीने का पानी, बिजली, लिफ्ट अभी भी बंद है और आवास की दीवारों में दरारें हैं. पर्याप्त सुरक्षा गार्ड नहीं होने से चोरी की आशंका भी बढ़ती जा रही है. सेवा के बदले पैसे लेने पर भी उचित सेवा नहीं मिल पा रही है. यह शिकायत सामने आने के बाद सोमवार सुबह हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया. प्रदर्शनकारी शताब्दी रॉय ने आरोप लगाया कि हाउसिंग अथॉरिटी ने सेवाएं देने के नाम पर हजारों रुपये लिए हैं. आवास प्राधिकरण प्रति माह करीब 30 से 40 लाख रुपये की वसूली करता है. हमने पानी के लिए हाउसिंग अथॉरिटी को 33 हज़ार रुपये का भुगतान किया लेकिन उन्होंने सार्वजनिक निगम प्राधिकरण को वह राशि नहीं दी. जिसके कारण पेयजल सेवा भी बंद कर दी गयी. लेकिन हमारे विरोध के कारण उन्हें वह पैसा पुरा निगम को देने के लिए मजबूर होना पड़ा. इसके बाद सेवा सामान्य हो गयी. लेकिन अब पेयजल पाइप लाइनें जर्जर हो गई हैं और सस्ते पाइपों का प्रयोग किया जा रहा है. जिससे आवासों में समुचित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता है. साथ ही बिजली की समस्या तथा लिफ्ट खराब होने की समस्या बनी रहती है. जब भारी बारिश होती है तो बारिश का पानी घर के फ़र्श में भी घुस जाता है. उस आवास के प्रबंधक विजय डे ने पूरी तरह से निराधार शिकायत उठाई और कहा कि निवासी लंबे समय से सेवाओं के लिए भुगतान किए जाने वाले पैसे का भुगतान नहीं कर रहे हैं. इसी कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है. फिर भी हम सेवा ठीक से देते हैं.

**प्रदर्शन** नगर निगम पर सुविधाओं से वंचित करने का लगाया आरोप

## भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने किया धरना प्रदर्शन

### खास बातें

- रेल पार इलाके से टैक्स तो वसूलता है लेकिन लोगों को आवश्यक सुविधाएँ नहीं प्रदान करता



**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम द्वारा रेल पार इलाके को सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को आसनसोल के पूर्व मेयर और भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मंगल पांडे सेतु के समीप धरना प्रदर्शन किया. जितेंद्र तिवारी, पार्षद गौरव गुप्ता, पार्षद चैताली तिवारी और पूर्व पार्षद भृगु ठाकुर के साथ इस क्षेत्र के स्थानीय निवासियों ने सुबह से ही धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए जितेंद्र तिवारी ने कहा कि आसनसोल नगर निगम रेल पार इलाके से टैक्स तो वसूलता है लेकिन यहाँ के लोगों को आवश्यक सुविधाएं नहीं प्रदान करता. उन्होंने गाड्डुई नदी की सफ़ाई के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए वसूलने का आरोप लगाया. लेकिन नदी की सफ़ाई नहीं होती. उन्होंने सवाल किया कि यह पैसा आख़िर किसकी जेब में जाता है. इसके अलावा तिवारी ने इस क्षेत्र में विधवा पेंशन और बुज़ुर्ग पेंशन न मिलने का भी आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि पिछले चार महीने से यहां के लोगों को न तो विधवा पेंशन मिल रही है और न ही बुज़ुर्ग पेंशन. तिवारी ने कहा कि आसनसोल नगर निगम के टीएमसी पदाधिकारी चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के लोगों के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं और केवल अपनी जेब भरने में व्यस्त हैं. तिवारी ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेता और आसनसोल नगर निगम के पदाधिकारी केवल कोलकाता की चाटुकारिता कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कोलकाता में विकास हो रहा है. फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं. लेकिन आसनसोल के लोगों को नागरिक सेवाएं नहीं मिल रही है. उन्होंने कहा कि यह धरना प्रदर्शन सुबह 10: 00 बजे से शाम 6: 00 बजे तक प्रतीकात्मक रूप से किया जा रहा है. इसके बाद भी अगर आसनसोल नगर निगम के अधिकारियों की नींद नहीं टूटी तो बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा.

### धरना प्रदर्शन का कोई आधार नहीं : गुरदास चटर्जी



आसनसोल। गाड्डुई नदी की सफ़ाई और अन्य विभिन्न मुद्दों पर धरना प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेता और आसनसोल नगर निगम के पूर्व मेयर जितेंद्र तिवारी के आरोपों पर एमएमआईसी गुरदास चटर्जी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि जितेंद्र तिवारी जिस पार्टी में गए हैं, उस पार्टी का कोई संगठन नहीं है. इसलिए उनके पास कोई काम नहीं है और वे समय पार करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम कर रहे हैं. चटर्जी ने कहा कि जब तिवारी मेयर थे, तब नदी में हर साल बाढ़ आया करती थी. लोगों की जान जाती थी और लोग बेघर होते थे. लेकिन इस बोर्ड के कार्यकाल में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है और आगे भी नहीं होगा. इस बोर्ड के सभी पदाधिकारी इस मुद्दे को लेकर बहुत गंभीर हैं और समय रहते ही नदी की साफ-सफ़ाई की जा रही है. चटर्जी ने यह भी कहा कि अगर तिवारी के धरना प्रदर्शन को ज़्यादा तवज्जो नहीं दी गई तो वे एक-दो दिन बाद ख़ुद ही उठ जाएंगे. जनता का समर्थन भाजपा के साथ नहीं है. इसका सबूत हर चुनाव में भाजपा को मिली करारी शिकस्त है.

### वाहक स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन

**दुर्गापुर।** पश्चिम बर्दवान जिला स्वैच्छिक रक्तदाता सोसायटी और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सागरभांगा शाखा की पहल और दुर्गापुर थैलेसीमिया सोसायटी के सहयोग से सागरभांगा हिंदी हाई स्कूल में एनीमिया और थैलेसीमिया वाहक स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया था. शिविर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों समेत कुल 78 लोगों ने रक्त परीक्षण में भाग लिया. आसनसोल जिला अस्पताल थैलेसीमिया नियंत्रण इकाई ने रक्त के नमूने एकत्र किए. शिविर की शुरुआत से पहले, रक्तदान आंदोलन के नेता राजेश पालित ने इन 2 बीमारियों को खत्म करने की आवश्यकता के बारे में जागरुकता सबक दिया. विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नम्रता सिन्हा, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की संयोजिका सरिता महेरिया, समाजसेवी रंजन बनर्जी व सौमेन चक्रवर्ती उपस्थित थे.

### आरामदायक होगी कांवड़ियों की यात्रा

**आसनसोल।** श्रावणी मेला एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें हजारों श्रद्धालु बैद्यनाथधाम, देवघर, जसीडीह और बासुकीनाथ आते हैं. यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए और उनकी यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने प्रमुख स्टेशनों पर व्यापक रूप से आधारभूत संरचनाओं को अपग्रेड किया है. बैद्यनाथधाम स्टेशन पर वायु सर्कुलेशन को बेहतर बनाने और यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय, पोर्टिको और प्लेटफ़ॉर्म शेड में बारह अतिरिक्त पंखे लगाए गए हैं. इसके अतिरिक्त रोशनी के स्तर को बेहतर बनाने के लिए 18-वाट के पचपन (55) नए एलईडी लैम्प लगाए गए हैं.

## न्यूज अपडेट

### चोरों के आतंक से लोग परेशान, शिकायत दर्ज

**जामुड़िया :** जामुड़िया थाना के श्रीपुर फाड़ी अंतर्गत नार्थ बुक इलाका में चोरों के आतंक से त्रस्त स्थानीय लोगों द्वारा सोमवार को फाड़ी प्रभारी को लिखित शिकायत किया गया है. इस विषय में जानकारी देते हुए नॉर्थ बुक निवासी राजीव झा(पिंटू)ने कहा कि पिछले 15 दिनों से 7 से 8 लोगों के एक समूह द्वारा इलाका के लोगों को परेशान कर रख दिया गया है. चोरों के इस आतंक से भयभीत महिलाएं घरों में रहना नहीं चाहती हैं. उन्होंने बताया कि रविवार की रात लगभग डेढ़ बजे चोरों के समूह द्वारा हमारे घर के पीछे स्थित खिड़की को तोड़ा जा रहा था. वहीं लड़के द्वारा तोड़फोड़ की आवाज सुनकर हल्ला मचाने पर घर के सभी सदस्य उठ गए और उन सभी लोगों ने चोरों का पीछा किए, परन्तु सभी चोर भाग खड़े हुए. उन्होंने कहा कि नॉर्थ बुक इलाके में चोरों का आतंक दिन ब दिन बढ़ता चला जा रहा है. वहीं पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि चोरों के इस बढ़ते मनोबल के खिलाफ ठोस कारवाई किया जाना चाहिए, ताकि इस तरह की घटना ना हो और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की कोशिश की जानी चाहिए.

### अरण्य सप्ताह के अवसर पर पौधरोपण अभियान



**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम ने 14 से 21 जुलाई तक अरण्य सप्ताह का आयोजन किया है. जिसके अंतर्गत लोगों को पौधे दिए जा रहे हैं. इस मौके पर निगम के अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही नगर के नागरिक भी उपस्थित हैं. यह पहल लोगों को वृक्षारोपण के महत्त्व को समझाने और उन्हें बड़े पेड़ों में बदलने के लिए प्रेरित कर रही है. नगर निगम के एमएमआईसी, गुरदास चटर्जी ने इस मौके पर बताया कि मौसम के बदलते मिज़ाज के मद्देनजर, बरसात की कमी के समय में वृक्षारोपण विशेष महत्त्व रखता है. इस अवसर पर नगर निगम ने विशेष ध्यान देकर नगर के खाली जगहों में भी वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है. इस पहल के माध्यम से आसनसोल नगर निगम ने वातावरण संरक्षण और पर्यावरणीय सजीवता को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है. यह प्रयास नागरिकों के सहयोग और सहयोग से बढ़ाया जा रहा है ताकि नगर में हर कोने में हरियाली की चमक सके.

### नगर निगम मेधावी विद्यार्थियों को करेगा पुरस्कृत

**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम ने हर साल नगर निगम क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है. इस साल भी इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आज आसनसोल नगर निगम में एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में नगर निगम के एमएमआईसी, गुरदास चटर्जी के अलावा नगर निगम के अधिकारी और आसनसोल, जामुड़िया, कुल्टी, रानीगंज क्षेत्र के अभियंता उपस्थित थे. बैठक में गुरदास चटर्जी ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष नगर निगम की ओर से किया जाता है. जिससे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनके प्रदर्शन को सम्मानित किया जाता है. उन्होंने इस वर्ष का कार्यक्रम अगस्त महीने के पहले या दूसरे हफ्ते में आयोजित करने की कोशिश की जाएगी. आसनसोल नगर निगम की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन नगर के शिक्षा क्षेत्र के उत्थान के लिए एक महत्त्वपूर्ण क़दम माना जाता है. जिससे विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में प्रेरणा बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है.

### मलय घटक ने विकास कार्यों का किया समर्थन



**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के श्रमिक कानून मंत्री मलय घटक ने हाल ही में आसनसोल नगर निगम के वार्ड संख्या 40 आराडंगाल इलाके का दौरा किया. वहाँ उन्होंने तृणमूल ज़िला सचिव चंकी सिंह के साथ मिलकर विकास के मूल्यक्षेप में कार्य किए गए कार्यों का समर्थन किया. मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया. विशेष रूप से स्थानीय नट बाबा मंदिर के पुनरुद्धार के लिए उन्होंने अनुरोध किया और इसे महत्त्वपूर्ण माना. मलय घटक ने बताया कि चंकी सिंह के नेतृत्व में वार्ड 40 में विभिन्न विकासात्मक पहल की गई है. जैसे छठ घाट का निर्माण और मंदिर की सुंदरीकरण. उन्होंने चंकी सिंह की स्वामित्व वाली राजनीति के साथ सामाजिक और धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की. इस मौके पर एमएमआईसी गुरुदास चटर्जी, बोरो चेयरमैन अनिमेष दास, तृणमूल छात्र परिषद के ज़िला अध्यक्ष अभिनव मुखर्जी, हीरा राय, बुधन राय और अन्य वार्ड के महत्त्वपूर्ण नागरिक उपस्थित थे.

### स्त्री रोग विशेषज्ञ का मोबाइल चोरी, लाखों का नुकसान

**आसनसोल।** बीते रविवार (30 जून, 2024) को सुबह आसनसोल के कोर्ट बाजार के पास सब्जी खरीदते समय शहर के प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ का मोबाइल फोन चोरी हो गया. घटना के 30 मिनट के अंदर उन्होंने सभी दस्तावेजों के साथ आसनसोल साउथ पीपी पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई. चोरी के बाद चोर ने फोन चालू रखा और चिकित्सक के कॉल का जवाब देते हुए कहा कि मैं आपको जानता हूं, मुझे आपका मोबाइल फोन मिला है और मैं इसे आपको वापस करना चाहता हूं. आपके मरीज कई बार फोन कर रहे हैं और संकट में हैं, क्योंकि मैं धनबाद में हूं, फिलहाल आज शाम को वापस आकर आपका मोबाइल लौटा दूंगा. शाम के बाद चोर ने मोबाइल फोन बंद कर दिया. इस बीच, उसने चिकित्सक के मोबाइल से उनका आधार कार्ड, ईमेल, और अन्य जानकारी हैक कर ली. चोर ने चिकित्सक के सभी बैंक खातों में प्रवेश कर लिया और कुछ ही समय में कई लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए, इससे पहले कि सभी खाते फ्रीज हो जाएं. उसने चिकित्सक के ईमेल को हैक कर लिया और कई संदेश हटा दिए. इसके साथ ही उसने चिकित्सक के व्हाट्सएप और मैसेज पूरी तरह से डिलीट कर दिए. इन सभी की सूचना साइबर क्राइम पी.एस. को दी गई है. दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक न तो उनका मोबाइल फोन खोजा जा सका है और न ही खोया हुआ कोई पैसा वापस मिल सका है. चिकित्सक ने आम जनता को अपनी गाढ़ी कमाई बचाने के लिए इस नए तरह के ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी है. उन्होंने पुलिस और साइबर क्राइम विशेषज्ञों से अपील की है कि वे अपनी कार्यकुशलता साबित करते हुए मोबाइल फोन और पैसे बरामद करें, ताकि इस प्रकार की धोखाधड़ी समाप्त हो सके और आम जनता का पुलिस प्रणाली पर विश्वास बना रहे.

**गोल्ड ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता का फायनल**

## ईस्टर्न रेल ने मारी बजी



संवाददाता । आसनसोल

आसनसोल के पोलो मैदान में आसनसोल गोल्ड ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया. जिसमें आसनसोल विलेज और ईस्टर्न रेलवे की टीमें आमने-सामने थीं. इस रोमांचक मुकाबले में ईस्टर्न रेलवे की टीम ने 2-0 से जीत हासिल की. आसनसोल सब डिविजनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के फुटबॉल सेक्रेटरी सुखेंदू बनर्जी ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया था. यह प्रतियोगिता का दूसरा साल था. जीतने वाली टीम को अमलकांत सरकार मेमोरियल ट्रॉफी प्रदान की गई. वहीं उपविजेता टीम को देवव्रत सरकार मेमोरियल ट्रॉफी दी गई. फाइनल मैच के दौरान राज्य के मंत्री मलय घटक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

## प्रतिनिधिमंडल ने बाजार का किया दौरा अवैध निर्माण ध्वस्त करने का दिया आदेश

संवाददाता । अंडाल

सरकारी क्षेत्रों में फुटपाथ की समस्या और अवैध निर्माण की शिकायतों की जांच के लिए सोमवार को एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने उखरा बाजार का दौरा किया. बीडीओ ने अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्थानीय प्रशासन को फुटपाथों पर अतिक्रमण और सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. इसके बाद राज्य के अलग-अलग इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू हो गया, इसी तरह स्थानीय पंचायतों ने भी कब्जा मुक्त कराने की पहल की है. व्यापारियों के लिए फुटपाथ छोड़कर चौकी लगाकर बैठने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं. निर्दिष्ट स्थल पर किसी भी अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का भी आदेश दिया गया है. अधिकांश दुकानदारों ने स्वतः स्फूर्त तरीके से अवैध निर्माण तोड़ना शुरू कर दिया है, लेकिन व्यवसायियों ने सरकारी जगह चिह्नित करने को लेकर विवाद कर दिया. इसके चलते कुछ दिन पहले बाजार में रौनक देखने को मिली थी. मामले पर पंचायत प्रधान, उपप्रमुख सहित जन प्रतिनिधियों के एक समूह ने बीडीओ और अंडाल थाना ओसी के साथ बैठक की.

### एनफोर्समेंट विभाग के अधिकारियों ने सब्जी बाज़ार का किया सर्वेक्षण

**रानीगंज.** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश के अनुसार रानीगंज एवं जमुरिया बाज़ार में सब्जी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए लगाम कसी गई. जहां एनफोर्समेंट विभाग, एग्रीकल्चर मार्केटिंग और खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने धावा बोला और कीमतों में आई उछाल पर नियंत्रण करने की कोशिश की. रानीगंज के हॉट तोला एवं कुमर बाज़ार सर्कस मैदान सब्जी मंडी में एनफोर्समेंट विभाग के अधिकारियों ने सब्जी के दामों का सर्वेक्षण किया एवं सब्जी की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए चेतावनी दी. जमुरिया के थाना मोड़ से शुरू होकर बाज़ार होते हुए सिनेमा मोड़ तक यह अभियान चलाया गया. जहां ज्वाइंट बीडीओ और एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट जमुरिया प्रखंड नजीमुल हक़ के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया. जहां अग्री मार्केटिंग पश्चिम बर्दवान ज़िला से सौगात रॉय और एनफोर्समेंट विभाग की टीम ने निरीक्षण किया.

**प्रतिबंध** मोहर्रम को लेकर एड़ीपीसी ,डीसी ने की 19 अखाड़ा कमिटी के साथ बैठक

## डीजे, शस्त्र, बच्चों को प्रदर्शन करने पर लगी रोक

### खास बातें

- अखाड़ा कमिटी को जुलूस व अखाड़ा के दौरान ज़्यादा से ज़्यादा वॉलंटियर रखने का आग्रह

संवाददाता । बराकर

आने वाले 17 जुलाई को मोहरम पर्व को लेकर आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कॉमिशनरेट की डीसी वेस्ट दीपक करला की उपस्थिति में बराकर के एक होटल में एक विशेष बैठक की गई. इस बैठक में संयुक्त रूप से बंगाल झारखंड के चिरकुंडा थाना प्रभारी आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर के कुल्टी थाना प्रभारी कृष्णेन्दू दत्त सहित चौरंगी फांडी प्रभारी, बराकर फांडी प्रभारी, नियामतपुर फांडी प्रभारी, सांकतोड़िया प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे. वहीं कुल्टी क्षेत्र के 19 अखाड़ा कमिटियों के मुख्य सदस्यों ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया. बैठक को सम्बोधित करते हुए डीसी वेस्ट दीपक क़रार ने कहा कि मोहर्रम एक शोक का पर्व है, इसमें डीजे का इस्तेमाल ना करें.



साउंड कम करके अखाड़ा का प्रदर्शन करें. उन्होंने कहा कि बच्चों को इस अखाड़ा प्रदर्शन से दूर रखे. साथ ही उन्होंने कहा कि अखाड़ा में किसी प्रकार का भी अस्त्र का बिल्कुल भी प्रयोग ना करें. वहीं शराबियों पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की बात कही. वहीं डीसी वेस्ट दीपक ने सभी अखाड़ा कमिटी को जुलूस व अखाड़ा के दौरान ज़्यादा से ज़्यादा वॉलंटियर रखने की आग्रह की. उन्होंने कहा कि वॉलंटियर ज़्यादा रहने से अखाड़ा में कोई भी शराबी या उत्पात करने वाला व्यक्ति को रोका जा सकेगा और जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगी. वहीं अखाड़ा कमिटियों ने पर्व के नवमी और दशमी के दिन क्षेत्र के हर इलाके में जहाँ जुलूस निकाली जाती है वहाँ ज़्यादा से ज़्यादा लाइट की व्यवस्था करें. साथ ही चिकित्सा, पानी की व्यवस्था में भी नगर निगम ध्यान दे. बैठक में सेंट्रल अखड़ा के खलील खान, मोहसिन खान सहित भारी संख्या में नामचीन व्यक्ति उपस्थित थे.

